श्याम तेरे बिन | by Manoj Rathore

छोड़ मत देना मेरा साथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ
ये जीवन सूना सूना श्याम तेरे बिन
जीना मुश्किल श्याम तेरे बिन
चाहे जैसे हो मेरे हालात
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ
छोड़ मत देना मेरा साथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ

कोई नहीं है मेरा श्याम तेरे बाद में
बड़ा कमज़ोर हूँ मैं मेरे हालात में
तेरा विश्वास है तो आस बढ़ जाती है
लाज मेरी तेरे भरोसे चिंता ना सताती है
ये दुनिया सूनी सूनी श्याम तेरे बिन
खुशियां सूनी श्याम तेरे बिन
सुबह शाम दिन हो या रात
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ
छोड़ मत देना मेरा साथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ

आसान तुमने बनाया श्याम मेरी राहों को
मुझसे हटाना मत अपनी निगाहों को
तुम ही तो भक्ति बन कर दिल में समां गए
आँखें जो बंद करूँ तो नज़र मुझको आ गए
ये जीवन गुज़रे कैसे श्याम तेरे बिन
काटे कटे ना श्याम तेरे बिन
इतनी सी रख लेना बात
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ
छोड़ मत देना मेरा साथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ

तेरी भक्ति ने संवारा मेरी कहानी को
रखूँगा संभाल कर मैं तेरी इस निशानी को
गलतियां मनोज की तुम माफ़ कर देते हो
काम जयंत के सब आप कर देते हो
ये दुनिया आये
समझ ना श्याम तेरे बिन
आये समझ ना श्याम तेरे बिन
तेरे आगे फैलाऊं मैं हाथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ
छोड़ मत देना मेरा साथ
श्याम थाम के ही रखना मेरा हाथ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8-by-manoj-rathore/